Alberta Government

प्रेस विज्ञप्ति

अल्बर्टा के सर्वोच्च सम्मान के लिए नामांकन खुले हैं

5 जनवरी, 2023

अल्बर्टावासियों को अल्बर्टा ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस (Alberta Order of Excellence) में सदस्यता के लिए प्रतिभाशाली नागरिकों, नेतृत्वकर्ताओं और इनोवेटर्स को नामांकित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

समुदाय, प्रांत और उसके इतर किए गए किसी उल्लेखनीय योगदान की मान्यता स्वरूप इस वर्ष 10 व्यक्तियों तक को ऑर्डर में शामिल किया जाएगा।

नामांकन पूरे वर्ष प्राप्त किए जाते हैं लेकिन इस ऑर्डर से अलंकृत करने के लिए विचार करने हेतु नामांकन 15 फरवरी तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। वे नामांकन जिनको 2023 के लिए नहीं चुना जाता है, उन पर तीन वर्ष तक विचार किया जाएगा।

नामिती वर्तमान में अल्बर्टा में रहने वाले कनाडा के नागरिक अवश्य होने चाहिए और यदि उनको चुना जाता है तो उन्हें अलंकरण समारोह में भाग लेने में अवश्य समर्थ होना चाहिए। लोग खुद को, अपने जीवनसाथी या अपने नज़दीकी परिवार के सदस्य को नामित नहीं कर सकते हैं।

नामांकन दिशानिर्देश, नामांकन फॉर्म तथा पूर्व में शामिल किए गए व्यक्तियों की जीवनी सहित ऑर्डर के बारे में जानकारी Alberta Order of Excellence बेवसाइट पर उपलब्ध है।

संबंधित जानकारी

अल्बर्टा ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस

मीडिया पूछताछ

गैरी जी. मार
mar@cwf.ca
587-897-3311
अध्यक्ष,
अल्बर्टा ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस परिषद
(Alberta Order of Excellence Council)

गेल स्टैनार्ड
gaylest@telus.net
780-953-4020
कार्यकारी निदेशक,
अल्बर्टा ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस